समाचार

कोरोना संक्रमण की चैन तोड़ने हेतु राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध–महापौर

(निगम क्षेत्र में 05 अक्टूबर से चलेगा कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे का अभियान, दिया गया कर्मियों को कार्य का सघन प्रशिक्षण)

कोरबा 03 अक्टूबर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जाने वाले कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे का यह अभियान इसी प्रतिबद्धता की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होने कहा कि कोरोना संकट के प्रारंभ से ही मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने पूरी संवेदनशीलता के साथ इस पर कार्य किया है। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं तथा बचाव व नियंत्रण के संबंध में लगातार हम लोगों को आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे हैं।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत कोविड–19 की प्रसार श्रृंखला को तोड़ने हेतु समुदाय स्तर पर लक्षणात्मक मरीजों की त्वरित पहचान कर उनकी कोविड–19 की जांच, पाजिटिव पाए जाने पर उनका होम आईसोलेशन व उपचार किए जाने हेतु जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे का अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में यह अभियान 05 अक्टूबर से संचालित होगा, इस सर्वे कार्य में संलग्न कर्मचारियों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित अन्य कर्मियों को कार्य का सघन प्रशिक्षण देने हेतु प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज 03 अक्टूबर को महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व अन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि कोरोना संकट के इस काल में अधिकारी कर्मचारियों ने पूरी जीवटता, निष्ठा व संवेदनशीलता के साथ कार्य किया है, वे आगे भी इसी निष्ठा व समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए कोरोना को हराने में एक योद्धा की भूमिका अदा करेंगे, ऐसा मैं विश्वास रखता हूं। उन्होने कहा कि डोर–टू–डोर सर्वे का यह कार्य महत्वपूर्ण अभियान है, अतः आज यहां पर दिए गए प्रशिक्षण को पूर्ण रूप से

ग्रहण करें, कार्य की प्रक्रिया को पूरे ध्यान से सुने, सर्वे के दौरान पूरी सजगता के साथ निर्धारित प्रपत्रों को भरे, ताकि त्रुटि की गुंजाईश न रहे। उन्होने कहा कि सर्वे कार्य के दौरान अपनी खुद की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें, कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन करें।

सघन सामुदायिक सर्वे का अभियान अतिमहत्वपूर्ण– प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने कहा कि कोविड–19 सघन सामुदायिक सर्वे का यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हम सबको पूरी सजगता एवं गंभीरता के साथ करना है, इस सर्वे के दौरान संकलित डाटा, छिपे हुए कोरोना मरीजों को ढूढने का आधार बनेगा तथा संक्रमण की चैन तोड़ने व कोरोना को खत्म करने में अत्यंत सहायक होगा। उन्होने सर्वे कार्य में संलग्न कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें, पूर्व में भी आप सभी के द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया गया है, आगे भी इसी निष्ठा के साथ कार्य करें।

दिया गया कार्य का प्रशिक्षण– सिटी प्रोग्राम मैनेजर श्री अशोक सिंह ने कोविड–19 सघन सामुदायिक सर्वे अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं मुख्य मास्टर ट्रेनर प्राचार्य आर.के.साहू, सहायक प्राध्यापक सुशील गुप्ता एवं व्याख्याता गौरव शर्मा ने कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया। आज 03 पालियों में कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल जोन के वार्डो में सर्वे कार्य में संलग्न कर्मियों को कार्य सघन प्रशिक्षण दिया गया, वहीं 04 अक्टूबर को निगम के बालको, दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के वार्डो में सर्वे कार्य हेतु संलग्न कर्मचारियों को सर्वे कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज प्रशिक्षण के दौरान लक्षणात्मक व संदिग्ध मरीजों के विवरण प्रपत्र–ए पर दर्ज करने, उच्च जोखिम समूह के व्यक्तियों की जानकारी संकलित करने, सर्वे कार्य के दौरान कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन करने, लक्षणात्मक व्यक्तियों के सैम्पल जांच संबंधी कार्यवाही करने सहित सर्वे कार्य के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।